
**खबर संक्षेप**

### निवेदिता का नवोदय में प्रवेश



**शहडोल।** शासकीय कन्या हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक श्रीमती मिथिलेश अनिल त्रिपाठी की सुपुत्री निवेदिता त्रिपाठी का नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 2025 में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिससे उनके विद्यालय सहपाठी गणों व समस्त स्टाफ ने आभार व्यक्त किया है आपकी शिक्षा में अनिल दोहेरे का महत्वपूर्ण योगदान है।

### रामनवमीं पर किया भंडारे का आयोजन



**शहडोल।** शहर के बंटीं मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह रामनवमीं के अवसर पर रघुराज स्कूल गांधी चौक के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बंटी मित्र मंडल के अध्यक्ष समाजसेवी सबी खान बंटी ने बताया कि मेरे साथी समाज में हिंदू मुस्लिम भाईचारे को आगे बढ़ाते हुए हर त्योहार पर ऐसा आयोजन करते हैं, हम सब देश और समाज को एकता और प्रेम का संदेश पहुंचाना चाहते हैं। हम सब हमेशा समाज हित में आगे भी ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे। इस सफल आयोजन के लिए सभी भाईयों, नगरवासियों, पुलिस प्रशासन एवं मीडिया बंधुओं का आभार प्रकट करता हूं। कार्यक्रम में सेवा करने वाले सबी खान बंटी, शेख़ आबिद, मोहसिन खान, आशीष गोले, लकी कुशवाहा, निक्की चौधरी, सागर, दीपक, सैफ खान, शिवम् सरकार, गोलु, मुशरान खान, सूरज पटकर, अमित गुप्ता, सचिन, राजा गोले, साजिद, राहुल सिंह, कृष्णा बर्मन,सोहन गुप्ता, ओम, गोल्डी, शिवम् शुक्ला, अखिल, रिषभ वर्मा, विवेक बर्मन, सुधांशु, मानया, सचिन यादव, सोहेल, अज़हर, शंकर गुप्ता, शिवांशु गोले, अखिलेश सिंह, रोबिन प्रजापति, सैफ, अंकित पनिका, राजवीर गोले, कार्तिक प्रजापति उपस्थित रहे।

### विद्यालय का समय परिवर्तन करने संघ ने सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय के समय में परिवर्तन करने की मांग की गई, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी ने बताया कि कलेक्टर के नाम से विद्यालय समय परिवर्तन के लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह से मिला एवं ज्ञापन देकर भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों के लिए सुबह पाली में विद्यालय किए जाने का आग्रह किया गया , उनके द्वारा इस पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर से चर्चा कर आदेश करवाने के लिए कहां गया। ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित पदाधिकारी में लालजी तिवारी अध्यक्ष शहडोल, विनोद सिंह जिला सचिव शहडोल, वरिष्ठ शिक्षक साथी राजेंद्र शर्मा, संभागीय कोषाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, ललित मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, संपूर्ण शुक्ला, मनीष गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, ब्रज जयसवाल तहसील अध्यक्ष, तेज प्रताप सिंह नगर इकाई अध्यक्ष, आशा पांडे, सुलेखा शुक्ला, हरिवंश मिश्रा ,महेंद्र त्रिपाठी, रोशन अली आदि उपस्थित रहे।

**ट्रक सहित 23 नग मवेशी जप्त**

शहडोल। जिले के गोहपारू थाना में 06 अप्रैल को कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3047 में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक लोड कर जैतपुर से गोहपारू होकर उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक के लिए ग्राम बरेली तिराहा पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। उक्त ट्रक चुहिरी तरफ से आते दिखा। जिसे रूकवाने पर वाहन चालक पुलिस को देखकर वाहन छोडक़र भाग गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर 03 नग भैंस एवं 20 नग पड़ा बरामद हुआ।

# अपर कमिश्नर के आदेश के विरुद्ध बन गए भूमि स्वामी

## एसडीएम का स्टे आर्डर भी बेमानी, भूमि कब्जाने आमादा है दबंग

नगर की बाजार से लगी बेशकीमती सरकारी जमीनों को हड़पने दबंगों द्वारा होड़ ली जा रही है और राजस्व कर्मचारियों से सांठगांठ कर सरकारी आदेशों व रिकार्डों में फेरबदल कराया जा रहा है।

शहडोल।




किरण टाकीज के समीप स्थित ग्राम भुईबांध की आराजी खसरा नंबर 72 व 76 शासकीय नजूल भूमि है। यहां पर प्राचीन काल में एक बावली निर्मित कराई गई थी। लोगों ने जमीन हथियाने के लिए न केवल बावली को भाठने का काम किया बल्कि इस संबंध में अपर कमिश्नर के सुनवाई आदेश के विरुद्ध राजस्व रिकार्ड खसरे में भूमि स्वामियों का नाम दर्ज कर दिया गया। जबकि उस भूमि को नजूल भूमि दर्ज करने का आदेश दिया गया था। इसके अलावा एसडीएम ने भी उस भूमि पर कार्रवाई करने वालों के विरुद्ध स्टे आदेश जारी किया था। उस आदेश की भी अवज्ञा कर काम जारी रखा गया। इस भूमि को हथियाने वर्षों से होड़ मची हुई है लेकिन चूंकि निरंतर शिकायतें होतीं हैं और प्रशासन का किसी न किसी तरह हस्तक्षेप होता रहा है इसलिए मामला काफी तूल पकड़ गया।

### अपर कमिश्नर का आदेश यह था

अपर कमिश्नर ने वर्ष 2014 में सुनवाई करते हुए लेख किया था कि प्रकरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि भुईबांध की आराजी खसरा नंबर 72 नजूल भूमि है तथा नजूल भूमि के व्यवस्थापन या भूमि स्वामी घोषित करने का अधिकार राज्य शासन को है, नजूल अधिकारी को नहीं। नजूल अधिकारी ने मप्र भू राजस्व संहिता के अंतर्गत कार्रवाई कर गैर हकदार मानकर भूमिस्वामी घोषित किया गया है। गैरहकदार काश्तकार वे माने जाते हैं जो 2 अक्टूबर 1959 के पूर्व वर्ष 1953-54 से काबिज हो और लगान देता हो। नजूल अधिकारी के प्रकरण में ऐसा कोई प्रमाण नही दिया गया कि जिससे प्रमाणित हो सके कि संबंधित आवेदक विचाराधीन भूमि का गैरहकदार है। प्रकरण के अवलोकन से यह भी स्पष्ट है कि नजूल भूमि पर नजूल अधिकारी को धारा 57(2) के अंतर्गत शहडोल जिले में विचार करने पर प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अधिकार एसडीएम को दे दिया गया था। निश्चित रूप से नजूल अधिकारी ने आवेदक गणों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उन्हे भूमि स्वामी दर्ज करने का आदेश दिया। अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत निगरानी अमान्य करते हुए प्रश् नाधीन भूमि को मप्र शासन, नजूल दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इस तरह से अपर कमिश्नर ने अपनी सुनवाई में स्पष्ट रूप से निर्णय पारित किया था।

### आदेश के विरुद्ध बन गए भूमिस्वामी

अपर कमिश्नर के आदेश के विरुद्ध कुछ वर्षों के बाद इसी नजूल भूमि के जुज रकबे कर पांच लोगों को भूमि स्वामी बना दिया गया और खसरे में दर्ज कर दिया गया। इनमें श्रीमती शांति चपरा, विवेक चपरा, मनीष चपरा, विकास चपरा, सौरभ चपरा हैं। इनके द्वारा बाद के वर्षों में तहसीलदार न्यायालय में प्रकरण चलाए गए थे। बताया गया कि जब वर्षों पहले अपर कमिश्नर ने इस भूमि को शासन नजूल भूमि मानकर आदेश दिए थे तो फिर इसके बाद तहसीलदार न्यायालाय से भूमि के जुज रकबे कर पक्षकारों को कैसे भूमिस्वामी बना दिया गया? अपर कमिश्नर के निर्णय में ही लेख है कि नजूल अधिकारी ने पक्षकारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया था। इसके बाद शायद किसी अन्य तरीके से पक्षकारों ने तहसीलदार न्यायालय को गुमराह करते हुए भूमि अपने नाम कराई होगी। स्थिति चाहे जो भी हो लेकिन यहां पर सरासर अपर कमिश्नर न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जो कि एक आपराधिक कृत्य है।

### एसडीएम के स्टे का उल्लंघन

इस संबंध में एसडीएम ने भी भूमि कब्जा करने के संदर्भ में स्टे आदेश जारी करते हुए लेख किया था कि आराजी खसरा नं 76 में एक पानी पीने की संरचना दर्ज है जिसके साथ छेड़छाड़ किया जाना अथवा नष्ट किया जाना न्यायोचित नहीं है। ऐसा करने से जनभावना में द्वेष पैदा हो सकता है। लिहाजा बावली जैसी संरचना को यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए उस स्थल पर मिट्टी भराव का कार्य नहीं किया जाए और संरचना को यथास्थिति बनाए रखा जाए। लेकिन इन तमाम आदेशों का कोई लाभ नहीं हुआ। पता चला है कि इसी खसरे की भूमि जुज रकबे पर श्रीमती मंजू चपरा, अनिल चपरा, अरुण चपरा, अजय चपरा, श्रीमती अनीता गुप्ता भूमि स्वामी के रूप में दर्ज हैं।



# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 7 मोटर सायकल जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में लंबित चोरी के प्रकरणो के संबंध में लगातार समीक्षा कर चोरी गये मसरूके के बरामदगी के सार्थक प्रयास के लिए थाना प्रभारियो एवं राजपत्रित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। फरियादी नूर मोहम्मद निवासी सोहागपुर द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 02 अप्रैल की रात्रि उसके घर की बाऊण्ड्री से मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर द्वारा बाऊण्ड्री का ताला तोडकर चोरी कर ले गया है। जिस पर पुलिस द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर संदेही से पूछताछ किया, जो उसने उक्त चोरी में संलिप्त होना बताया तथा 02 अन्य साथी व चोरी की गई मोटर सायकल गौरेला जिला जीपीएम (छ.ग.) में होना बताया। जिन्हे गौरेला से 02 अन्य आरोपियों तथा 07 नग मोटर सायकल को बरामद किया। उक्त तीनो विधि विरुद्ध बालकों को गिरफ्तार कर बाल न्यायालय शहडोल पेश कर बाल संप्रेषण गृह रीवा भेजा गया।

# विराट नगरी में गूंजा 'जय श्रीराम' जय श्रीराम

## प्राकट्य पर्व का किया गया आयोजन

शहडोल।

विराट नगरी श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर 'जय श्रीराम 'जय श्री राम' के नारे से गूंज उठा। श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल श्रीराम जानकी मंदिर प्रागंण में संस्कृति विभाग द्वारा प्राकट्य पर्व का आयोजन किया गया। प्राकट्य पर्व का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राकट्य पर्व के अवसर पर भवानी दास अहिरवार एवं साथी, जबलपुर द्वारा बुन्देली लोकगायन,सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका राम प्रसंग तथा दीन भवत अखिलेश राजा एवं ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर



पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम एवं समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, समाजसेवी रवि गुप्ता, श्रीमती सत्यभाभा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी समाजसेवी एवं काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय एवं श्रीमती विनय मिश्रा ने किया।

# कॉलेज बना जंग का मैदान, दो छात्र में हुआ खूनी विवाद

## प्राध्यापक पर भतीजे को संरक्षण देने के लग रहे गंभीर आरोप



शहडोल।

जिले के अंतिम छोर पर स्थित पंडित राम किशोर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी में दो छात्रों वर्चस्व की लड़ाई में दोनों छात्र घायल हो गये, कालेज के प्रिंसिपल आर.के तिवारी ने बताया कि कालेज में अपनी हुकूमत कायम रखने रखने को लेकर दो छात्र संघ के नेता कालेज में अचानक एक दूसरे पर टूट पड़े और दोनों छात्रों के बीच हुई मारपीट में दोनों लहू लुहान हो गए, लेकिन एक छात्र को अधिक चोट आई, हैरत की बात यह रही कि दोनों छात्र प्रिंसिपल के सामने एक दूर से मारपीट करते रहे और प्रिंसिपल उन्हें रोकने के बजाय दर्शक बने सब कुछ देखते रहे, बताया जा रहा की इस लड़ाई में छात्र संघ के नेता को गंभीर चोट आई है। यह कोई पहला मौका नहीं जब कालेज में इस तरह के मारपीट की घटना हुई हो ,अक्सर इस तरह के विवाद देखने को मिलता है ,जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। कालेज में मारपीट की घटना का मामला थाने तक जा पहुंचा, कालेज के प्रिंसिपल ने मामले की शिकायत थाने में कराई है, पुलिस इस मामले की पड़ताल में जुट गई है। कालेज में छात्रों के बीच हुई मारपीट की घटना का वहां मौजूद छात्रों ने अपने मोबाइल पर कैद कर लिया था , जो सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है।

### चाचा-भतीजा का वर्चस्व

आरोप है कि शासकीय रामकिशोर शुक्ल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी में डॉ. मोहित लाल वर्मा के दम पर उनका भतीजा शिवम निराला एवं उसके साथी अजमेर खान, विवेक साकेत एवं दुर्गेश साकेत महाविद्यालय में गुंडागर्दी एवं छात्राओं के साथ अभद्रता करते है, जबकि डॉ. मोहित लाल वर्मा भी किसी से कम नहीं, जहां एक प्राध्यापक को अपने भतीजे को समझना चाहिए, वहीं मोहित लाल वर्मा भतीजे का साथ दे रहे है, बीते दिनों महाविद्यालय परिसर में कुछ बाहरी व्यक्तियों अजमेर खान एवं डॉ.मोहित लाल वर्मा के भतीजे शिवम निराला महाविद्यालय में बैठकर छात्राओं के साथ अभद्रता करते नजर आ रहे थे और उनके साथी सिक्योरिटी गार्ड बनकर उसकी रखवाली कर रहे थे, उसके बाद किसी विषय को लेकर आपस में लड़ाई करते हैं।

### मिली-भगत की सुगबुगहाट

लड़ाई को देख इस महाविद्यालय के छात्र अजय सिंह बैंस द्वारा प्राचार्य को इस विषय से अवगत कराया जाता है एवं प्राचार्य उस स्थान पर पहुंचते हैं, जहां लड़ाई हो रही है तो दोनों गुटों ने आपस की लड़ाई छोड़ अजय के ऊपर ही हमला बोल दिया और उसे बेहरमी से मारा गया, जिसमें उसके चेहरे पर धारदार हथियारों से हमला किया गया जिसके चलते चेहरे में छह टांके लगे, परंतु उसके बाद जब अजय द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराने जाने के पूर्व मोहित लाल वर्मा तत्काल अपने भतीजे को बचाने के उद्देश्य से और एससी/एसटी होने का फायदा उठाते हुए उल्टा अजय के ऊपर ही एससी/एसटी एक्ट लगवाने थाना पहुंचता है, जिससे यह साबित होता है कि महाविद्यालय में हुए इस घटना में एक सोची समझी साजिश एवं डॉक्टर मोहित लाल वर्मा की मिली भगत थी।

### यह भी हैं आरोप

मोहित लाल वर्मा वही प्राध्यापक हैं, जिन्होंने किसी छात्र की सीएम हेल्पलाइन कटवाने के लिए अपने ही हाथों से चार प्राध्यापकों के जाली हस्ताक्षर कर सीएम हेल्पलाइन कटवाई, जिसकी शिकायत होने पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा समिति बनाई जाती है और उसकी जांच कराई जा रही। डॉ. मोहित लाल वर्मा महाविद्यालय को अपना घर समझते हुए एवं महाविद्यालय में तुलसी के पेड़ में गुटखा खा के थूकते है, इसकी शिकायत करने पर धमकी देते है और मोहित लाल वर्मा महाविद्यालय में रात के समय कबूतर को मारते थे और मदिरा करके स्टाफ के साथ बदतमीजी करते नज़र आए।

### इनका कहना है

दो छात्र नेता किसी बात को लेकर कालेज में मारपीट करने लगे, मारपीट की मुख्य वजह अभी तक सामने नहीं आई है, मामले की शिकायत थाने में की गई है।

**आर.के.तिवारी**
**प्रिंसिपल पं. राम किशोर कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय, ब्यौहारी**

# जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर करें जीर्णोद्धार

## जल गंगा संवर्धन अभियान पर योजना बनाकर करें कार्य




शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले में 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना बना लें एवं अभियान के तहत कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान का गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करना है एवं आमजन को इस अभियान में शामिल कर अभियान के तहत गांव में बने तालाब, कुआं, स्टाप डैम, नाले सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर उनका जीर्णोद्धार करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जन अभियान परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आजीविका मिशन के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे इस अभियान के तहत पानी को बचाने एवं पानी को सहेजने के लिए गांव-गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करें एवं लोगों को पानी बचाने का संदेश भी दें। उन्होनें निर्देश दिए कि रैली के माध्यम से भी जल गंगा संवर्धन अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे ज्यादा से ज्यादा आमजन इस अभियान में जुड़ सकें एवं अभियान को सफल बनानें में अपनी सहभागिता निभा सकें। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा समयावधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें, शिकायतों को समझें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायतों का निम्नगुणवत्ता के साथ निराकरण न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में आने वाली शिकायत अनअटेन्ड न रहे। आने वाली शिकायतों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ पढ़ें एवं निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की तथा कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में जिन लोंगो का ई-केवायसी का कार्य बाकी रह गया है उनका ई-केवायसी का कार्य कराया कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए कि प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राशि के जितने भी प्रकरण बाकी हैं उन प्रकरणों की राशि शीघ्रता के साथ दिनाला सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का अधिकारी तत्परता से निराकरण करें: कलेक्टर

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### बांधवाधीश मंदिर में मनाई गई रामनवमी

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर एरिया के जंगलों में स्थित मंदिर में रामनवमी में भगवान राम की पूजा का विशेष आयोजन किया गया । बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला परिक्षेत्र के पहाड़ी के किला क्षेत्र में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मंदिर में भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण की मूर्ति है इस मंदिर को आम नागरिकों के लिए कृष्ण जन्माष्टमी के दिन खोला जाता है जब जंगल के रास्तों से होते हुए लगभग 13 किलोमीटर का सफर तय कर भक्त कृष्ण जन्माष्टमी के दिन यहां पर भगवान के दर्शन करते हैं। भगवान राम को यहां पर बांधवा धीश के रूप में पूजा जाता है। मंदिर के चारों ओर घना जंगल है यहां पर टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने भगवान राम की पूजा और मंदिर की देखरेख के लिए पुजारी नियुक्त किया हुआ है । रामनवमी को लेकर यहां पर विशेष आयोजन किया गया जिसमें भगवान का अभिषेक करने के साथ उनका श्रृंगार किया गया और भोग लगाया गया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पी के वर्मा ने बताया कि रामनवमी को लेकर इस मंदिर में विशेष साथ सजा की गई थी और भगवान की पूजा की गई भजन का आयोजन किया गया था प्रसाद मिश्रण किया गया है। टाइगर रिजर्व के अधिकारी कर्मचारी दर्शन करने पहुंचे थे।

### श्रीराम नवमी पर्व पर मानपुर श्रीराम जानकी मंदिर में भव्य जन्मोत्सव समारोह संपन्न

**मानपुर।** नगर में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर राम भक्ति में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ रामचरितमानस के संगीतमय गायन से हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र का मनोहारी वर्णन किया गया। मानस गायन की मधुर स्वर लहरियों ने समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएँ, पुरुष एवं बच्चे इस पुण्य आयोजन में सम्मिलित हुए और प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की दिव्य अनुभूति प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य किया। दोपहर बाद श्री राम जन्म के समय सम्पूर्ण मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। बैंड-बाजों की मधुर धुन और रंग-बिरंगे पटाखों की गूंज ने इस पावन क्षण को अत्यंत भव्यता प्रदान की। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु के आगमन का उल्लासपूर्वक स्वागत किया।

## जिला पंचायत के मुखिया पर भारी अदना सा कर्मचारी

# आदेश के 6 माह बाद भी नहीं दे रहा दस्तावेज

### जल गंगा जल संवर्धन अभियान में प्रमाणित भ्रष्टाचार, कार्यवाही शून्य

पंचायती राज व्यवस्था के तहत जिन लोगों पर पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की जिम्मेदारी है, वे ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। आलम यह है कि सरपंच और पंचायत सचिव मिलकर कहीं सड़क खा गए, कहीं अमृत पी गए, कहीं शौचालय ही चट कर गए, शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं।

उमरिया।




जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल गंगा जल संवर्धन अभियान' की शुरुआत की गई थी, लेकिन अन्य योजनाओं की भांति इस योजना में भी जिम्मेदारों ने ग्रहण लगा दिया, जिले की बिरसिंहपुर पाली जनपद की पंचायतों में जल संरक्षण की लगभग योजनाओं में भ्रष्टाचार की दीमक लगी हुई है, इस भ्रष्टाचार को स्वयं जनपद के मुखिया प्रश्रय दे रहे हैं, पूर्व में भी प्रधानमंत्री की सबसे महत्वाकांछी योजना पीएम आवास के नाम पर गड़बड़झाला हुआ है, जिसकी जांच पुलिस को सौंपी गई, लेकिन धाराओं में हेरफेर कर आरोपियों को थाना से राहत दे दी गई, हालाकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, एक बार फिर जल गंगा जल संवर्धन अभियान में हुए भ्रष्टाचार का जिन्न बाहर निकला है, जिसमें जांच के बावजूद भ्रष्टाचारियों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकती है।

### यह है मामला

बिरसिंहपुर पाली जनपद की बेली पंचायत की जनसुनवाई में शिकायत हुई थी, शिकायत में बताया गया था कि 'जल गंगा जल संवर्धन अभियान' में बिना काम कराये पंचायत के सचिव महावीर सिंह ने 7.15 लाख रूपये आहरित कर लिये, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त मामले में तीन सदस्यीय दल का गठन करते हुए जनपद के एसडीओ, उपयंत्री एवं बीपीओ को जांच सौंपी, जांच में मामला भ्रष्टाचार प्रमाणित हो गया, 1.49 लाख रूपये सरपंच की मिलीभगत से सचिव द्वारा आहरित कर लिया गया, सचिव ने जांच में सहयोग न करते हुए दस्तावेज जांच दल को नहीं दिये, आश्चर्य की बात तो यह है कि जनपद के मुखिया द्वारा बार-बार पत्राचार कर दस्तावेज मांगने पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं।

### जिला पंचायत से मिलता है अभयदान

ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी जनपद कार्यालय की है, वही ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार करने वालों पर नकेल कसने का अधिकार जिला पंचायत कार्यालय के पास है, लेकिन जनपद से पत्राचार के बावजूद जिला पंचायत के जिम्मेदार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने भ्रष्ट कर्मचारियों पर नकेल नहीं कसते है, पूर्व में जिला पंचायत के मुखिया ने अनोखा आदेश जारी करते हुए आरोपों से घिरे सचिवों को पंचायत का प्रभार सौंपा था, जिससे प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई थी, लेकिन खुद को ईमानदारी का पुतला बताने वाले और वातानुकूलित कक्ष में बड़े पद पर बैठे जिम्मेदारों को पद की गरिमा का भान नहीं रह गया गया है, शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार खुलेआम चल रहा है और भ्रष्ट कर्मचारियों को जिला पंचायत से अभयदान मिला हुआ है।

### अंधेरनगरी चौपट राजा

अक्टूबर 2024 में मदन सिंह को जिला पंचायत के मुखिया ने सबका भला करने के दौरान ग्राम पंचायत बेली का सचिव बनाया था, लेकिन आज तक पूर्व सचिव महावीर सिंह ने वैधानिक रूप से प्रभार नहीं दिया, आज भी पंचायत के अधिकांश विकास कार्य ठप्प पड़े हैं, जिला पंचायत के मुखिया पर भारी महावीर सिंह दस्तावेज नहीं सौंप रहे हैं, बेली पंचायत में पंचायती राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार चरम पर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 06 माह बीतने के बावजूद ग्राम पंचायत के सचिव को पूर्व के कोई रिकार्ड पूर्व सचिव महावीर सिंह देने को तैयार नहीं है, महावीर सिंह जहां-जहां पदस्थ रहे हैं, अगर उनके कार्यकाल की जांच हो जाये तो, भ्रष्टाचार की परत उधड़ कर सामने आ जायेगी, लेकिन जनपद से लेकर जिले तक किसी में इतनी हिम्मत नहीं कि महावीर सिंह के खिलाफ कार्यवाही 'का' लिख सके।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । आपने कहा कि विगत माह में जिन विभागों की उपलब्धि संतोषजनक नही रही है वे विभाग मार्च माह के अंत तक पुरानी सीएम हेल्पमलाइन की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, , एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## पुलिस द्वारा पशुओं पर क्रूरता करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही

### 2 नग मवेशियों को मुक्त करवाकर कांजी हाऊस में रखवाया गया सुरक्षित

रामनगर।

रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एएम 1308 में कुछ लोग मवेशियों को ठूस ठूस कर बिना चारा पानी दिये क्रूरता पूर्वक लोड कर आमाडांड से कोतमा तरफ ले जा रहे है। मुखबिर के बताये अनुसार झिरिया टोला तिराहा में नाकाबन्दी किया गया जो कुछ समय बाद मुखबिर के बताये गये नम्बर का पिकअप वाहन क्र० सीजी 13 एएम 1308 आता दिखा जिसे रोककर नाम पता पूछा गया जो वाहन चालक अपना नाम सुमित दास चौधरी पिता कृष्णा दास चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सेमरदर्दी थाना मरवाही जिला जीपीएम का होना बताया तथा 02 दो नग भैंस गोपाल चन्द्रा पिता ध्यान सिंह चन्द्रा उम्र 35 वर्ष निवासी अमेरा टिकरा थाना मरवाही जिला जीपीएम (छ.ग.) एवं वाहन मालिक देवेन्द्र कुमार पाव निवासी सेमरदर्दी थाना मरवाही जिला जीपीएम (छ.ग.) का होना



बताया जो पिकअप वाहन की तलाशी लिये जाने पर पिकअप वाहन में 02 नग भैंस लोड मिला जिनसे मवेशी के परिवहन वेध दस्तावेज चाहे गये, नहीं होना बताया । अतः आरोपीगण सुमित दास चौधरी, गोपाल चन्द्रा एवं देवेन्द्र कुमार पाव के कब्जे से 02 नग भैंस कीमती 40,000 रूपये एवं पिकअप वाहन क्र० सीजी 13 एएम 1308 कीमती 06 लाख रूपये कुल 6,40,000 रूपये को जप्त किया गया तथा जप्तशुदा मवेशियों को विधिवत सुरक्षित कांजी हाऊस मलगा के संचालक के सुपुर्द किया गया। मवेशियो के साथ क्रूरता करने वाले तीनो आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध धारा 6क, 10 म०प्र० कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम का कायम किया जाकर आरोपीगणो के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी उपनिरी. सुमित कोशिक के कुशल नेतृत्व में प्रआर० निरंजन खलखो, प्रआर० 11 हरीश डेहरिया, आर० मनोज उपाध्याय, आर० विनोद मरावी का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री राम नवमी के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व का आयोजन

### विधायक और कलेक्टर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ









उमरिया ।

राम नवमी के अवसर पर भगवान श्री राम के आदर्श वादी जीवन तथा समाज में उनके आदर्शों को लोक संस्कृति में पिरोने हेतु मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मंगल भवन में प्राकट्य पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह , बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह तथा कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।

कार्यक्रम का आगाज शहडोल से आये मुनीन्द्र मिश्रा के दल ने बघेली लोकगीत अवध में बाजे बधइया से किया। उसके बाद बजी-बजी बधइया बड़े भोर कौशिल्या घर रामा भये, मां का आराधना गीत मैया झूले झूलना,मोरे अंगना, एक सखी सिया संग बिहार तथा कोई आया सखा फुलवरिया में, जैसे जादू है उनके नज़रिया में गीत की प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति अवन्तिका ग्रुप खजुराहो की अवन्तिका दुबे ने अपने दल के साथ नृत्य नाटिका के माध्यम से श्री राम के जन्म से राम विवाह तक के प्रसंगों की प्रस्तुति दी। प्रसंगों में इंग्लैंड से विलियम जुबी विश्वामित्र की भूमिका निभाई।

तीसरी प्रस्तुति में गिरीश ठाकुर के दल ने मेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आयें है,बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये हैं, सिया राम जय राम, जय जय राम, अक्षुतम केश्वम कृष्ण दामोदरं ,राम जी निकली सवारी,राम जी की लीला है न्यारी , मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे ,गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में बालाघाट से आयी मुस्कान चौरसिया ने गणेश वंदना,राम राम जय राजा राम,राम राम जय सीताराम,नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव के जहाँ मेरा ठिकाना हो, मेरे भारत का बच्चा, बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा एवं दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना गीत की प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम में कलेक्टर की पत्नी सीमा जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टंर मीनांक्षी इंगले, सीएमओ उमरिया किशन सिंह, धनुष धारी सिंह, राकेश शर्मा, राजा तिवारी, शम्भू लाल खट्टर, मान सिंह, ब्रजेश शर्मा, संजय तिवारी, गोविंद प्रसाद गौतम, सविता सोधिया, नीतू सिंह, अरुण त्रिपाठी, हरि गुप्ता आशीष सिंह, रमेश सोनी संतोष द्विवेदी, राज कुमार महोबिया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नारायण दुबे सहित श्रोता गण उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी कर व्यापारी के खाते से हड़प लिए 82 हजार

**कोतमा।** नगर में रहने वाले व्यापारी, युवा, कालरी कर्मचारी सहित महिलाओं के साथ आए दिन साइबर ठगी सहित नए नए स्कैम का शिकार हो रहे हैं। शातिर जालसाजों के द्वारा विभिन्न प्रकार का झांसा देते हुए ठगी को अंजाम देते हैं। ठगी के नए मामले में नगर के वार्ड क्रमांक दो में रहने वाले व्यापारी अंशुल जैन से एक एनर्जी ड्रिंक कंपनी की एजेंसी के नाम से 82 हजार 10 रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 2 निवासी रूपेश जैन उर्फ अंशुल 40 वर्ष को फोन के माध्यम से एक कोल्ड ड्रिंक कंपनी के अधिकारी बनकर 4 से 5 दिन तक उसको एजेंसी डीलरशिप देने का झांसा देते हुए ऑनलाइन ही कई सारे फॉर्म को भरवाते हुए डिपॉजिट के नाम से 82 हजार 10 फोन पे से ले लिए और साथ ही माल भेजे जाने के लिए 5 लाख की और मांग की गई। व्यापारी को धीरे से ठगी का एहसास हुआ जिसके बाद वह थाना सहित साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराया गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत की जांच साइबर के माध्यम से की जा रही है जैसे ही कोई शख्स पकड़ में आता है आरोपियों को दबोचा जाएगा।

### शिव सागर धाम तालाब में स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर श्रमदान किया गया



**कोतमा।** नगर में सोमवार को समाजसेवियों एवं नगर पालिका के सफाई कामगार, जन प्रतिनिधियो के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक पांच शिव सागर धाम तालाब में स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर श्रमदान किया गया। जल संरक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, बद्री ताम्रकार, राजेंद्र सोनी, प्रदीप सोनी, मोहम्मद अल्ताफ, अजय ताम्रकार, दीपेश जैन, शिवराज राजपूत सहित अन्य लोग शामिल हुए। सभी लोगों के द्वारा तालाब परिसर के चारों ओर साफ सफाई करने के बाद तालाब में उतरकर जलकुंभी एवं तालाब में फैली गंदगी को साफ किया। मंदिर की भी सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। आगे भी जल संरक्षण एवं जल सहेजने को लेकर लगातार अभियान जारी रहेगा।

## अनुष्ठान से नवरात्रि समापन, रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया

### चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए अनुष्ठानों का चला दौर

**कोतमा।** कोतमा नगर एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने रविवार को चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन को राम नवमी के रूप में धूमधाम से मनाया। देवी दुर्गा और भगवान राम के भक्तों ने उत्सव के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए अनुष्ठानों का पालन किया। भक्तों ने उपवास रखा, मंदिरों के दर्शन किए, विशेष भोग तैयार किया, हवन का आयोजन किया और कन्या पूजन किया। राम नवमी के साथ, देवी दुर्गा और उनके नौ अवतारों को समर्पित चैत्र नवरात्रि का नौ दिवसीय त्योहार संपन्न हुआ। चैत्र नवरात्रि के नौवे दिन रामनवमी के अवसर पर कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर धर्मशाला मंदिर बूढी मातामंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर गोविंदा कॉलोनी दुर्गा मंदिर बुढानपुर गांव के अन्नपूर्णा माता मंदिर निगवानी गांव में मरखी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का माता के दर्शनों के लिए भीड लगी रही। सुबह 4:00 से ही महिलाएं पैदल चलकर हाथ में पूजा की थाल





लेकर माता के मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही जल चढ़ाने पहुंची ।

**हुआ हवन-** 9 दिनों तक भक्तों ने माता की आराधना पूरे श्रद्धा के साथ की वहीं रविवार को नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने मंदिरों एवं घरों में हवन किया एवं व्रत का पारण किया।

**हुआ कन्या भोज-** नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों एवं घरों में लोगों ने कन्या भोज का आयोजन किया। कन्याओं के पैर पूजन के साथ ही उन्हें चुनरी एवं उपहार भेंट किया गया। जगह-जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का त्योहार रविवार को भक्तिपूर्ण ढंग से मनाया गया। नगर के ठाकुर बाबा धाम शारदा काली मंदिर धर्मशाला मंदिर बूढी माता मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर बुढानपुर गांव के अन्नपूर्णा मंदिर दफाई टोला मढिया कॉलेज तिराहा मढिया पुरानी बस्ती दुर्गा मढिया से जवारे जुलूस निकले गए। नगर सहित विभिन्न कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का त्योहार भक्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा घरों में कलश स्थापित कर माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। रामनवमी व जवारा जुलूस धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम, जय-जय हनुमान के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा। लगातार नौ दिनों से अनुष्ठान व व्रत की पूर्णाहुति हवनादि के साथ किया गया। सुबह से शाम तक नगर के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते रहे ।

खबर संक्षेप



## कमला प्रसाद हुये पदोन्नत

**बुढार।** वन परिक्षेत्र में पदस्थ तेज तर्रार कमला प्रसाद वर्मा हुए पदोन्नत जिन्हें मुख्य वन संरक्षक अजय कुमार पांडे के द्वारा गत दिनों स्टार लगाकर कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल अलंकरण के पद पर पदोन्नत किया। इस दौरान श्रीमती तरुण वर्मा वन मंडल अधिकारी उत्तर शहडोल एवं सुश्री श्रद्धा पेंद्रे मंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल मुख्य लिपिक राजेश द्विवेदी बृजेश कुमार श्रीवास्तव विक्रम सोनी उपस्थित सभी लिपिक वन वृत्त शहडोल ने श्री वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सहायक संचालक जनसंपर्क को दी भावभीनी विदाई



**उमरिया।** जिला जनसंपर्क कार्यालय उमरिया में सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र व्दिवेदी का स्थानांतरण शहडोल होने पर जिला प्रशासन, पत्रकारों ने भावभीनी विदाई दी, वहीं जिला जनसंपर्क कार्यालय उमरिया में आए नवागत सहायक जनसंपर्क अधिकारी अरूणेन्द्र सिंह का स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र द्विवेदी ने प्रदेश सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि जिले में व्हीआईपी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ सामंज्य बनाकर कार्य किया , उसका नतीजा रहा कि कार्यक्रम शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव, लोक सभा चुनाव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बेहतर प्रचार-प्रसार किया, जिसका नतीजा रहा कि जिले में 6 मतदान केन्द्रों में शत प्रतिशत मतदान हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ पत्रकारों से भी तालमेल बैठाकर सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र व्दिवेदी ने कार्य किया । उन्होंने कहा कि प्रशासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए सेतु की तरह कार्य किया है। अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने कहा कि सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र व्दिवेदी सरल, सहज स्वाहभाव के है। आपने स्थानांतरित गजेन्द्र व्दिवेदी के स्वास्थ्य जीवन की कामना भी की । स्थानांतरित सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि उमरिया जिले में 6 वर्षो तक कार्य करने का मौका मिला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जो भी कार्य मुझे सौंपा गया , उस कार्य को मेरे व्दारा पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं लगन के साथ संपादित किया गया । इसके साथ ही उमरिया जिले के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों का भी समय समय पर सहयोग मिलता रहा है। नवागत सहायक जनसंपर्क अधिकारी अरूणेन्द्र सिंह ने कहा कि पत्रकारों के साथ मिलकर प्रशासन की योजनाओं , कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करूंगा । कार्यक्रम को एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, सुशील मिश्रा, पत्रकार संतोष द्विवेदी, संतोष गुप्ता, मेंहदी हसन, नरेंद्र देव बगडिया , अरूण त्रिपाठी, कौषल विष्वकर्मा, एजाज खान,शैलेन्द्र चतुर्वेदी, हीरा सिंह, शनि यादव आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर उप रजिस्टार आशीष श्रीवास्तव, संदीप त्रिपाठी, सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे ।

### कोयलांचल के विभिन्न शक्तिपीठों से निकले जवारा जुलूस, ज्वालामुखी मंदिर में हुए भव्य भंडारे में 30 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

# जवारा विसर्जन, भण्डारे के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन







**धनपुरी।**

शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर एवं पूरे नगर व कोयलांचल क्षेत्र में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक 9 दिवसीय साधना, आराधना, उपासना का पर्व नवरात्र बड़े भक्ति भाव के साथ मनाया गया जिसका 7अप्रैल को विशाल भंडारा के साथ समापन हुआ ।निकले जवारा जुलूसकोयलांचल मुख्यालय स्थित ज्वालामुखी मंदिर, विलियस नंबर 1, काली मंदिर, व नगर के विभिन्न स्थलो से जवारा जुलूस काली नृत्य के साथ निकाला गया जो मुख्य मार्गो से होते हुए आजाद चौक से मां ज्वालामुखी पहुंचे जहां कुंड में जवारा विसर्जन किया गया।जवारा जुलूस का स्वागतधनपुरी आजाद चौक आदित्य मोबाइल के संचालक द्वारा जवारा जुलूस में शामिल महिलाएं बच्चों व श्रद्धालुजनो को चना प्रसाद वितरण किया गया, वहीं नवयुवको के द्वारा फ्रूटी जुलूस में आए श्रद्धालुओं को वितरण किया गया वही सिद्धिविनायक के द्वारा खिचड़ा प्रसाद का वितरण जुलूस में आए श्रद्धालुओं को किया गया। आजाद चौक में टैक्सी यूनियन के द्वारा जुलूस में आए श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया इसी तरह माइकल चौक श्रद्धालुओं को चना प्रसाद वितरण किया गया सिंधी समाज के द्वारा झालमुड़ी वितरण किया गया इसी तरह से अन्य स्थानों पर भी पानी पाउच का वितरण किया गया।मंदिर प्रांगण में भंडारा समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार 7 अप्रैल मॉ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में ऐतिहासिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जो दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रसाद ग्रहण करने भक्तजनों के द्वारा प्रारंभ किया गया जो रात्रि 12 बजे के बाद भी प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से जवारा जुलूस के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे मन्दिर पहुंचे और लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मां के दरबार में जो भी प्रसाद खाने आया कोई आज तक खाली हाथ मां के दरबार से नहीं गया।प्रबंधन में सहभागी समिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार,आकाश कुमार मिश्रा,पुष्पेंद्र सिंह सेंगर,विजय प्रकाश शर्मा,राम सिंह ,शैलेंद्र शर्मा,स्कंद सोनी (पार्षद वार्ड नंबर-24), मैथली शरण गुप्त, कृष्णराज सिंह राणा,भारत वर्मा,रामपुरन लोधी,काशी विश्वकर्मा,भारत महरा,द्वारिका विश्वकर्मा, पप्पू महराज, प्रेम नायक काशी लक्ष्मण प्रसद राम अवतार शर्मा आदि सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु जनों का बैठने की समुचित व्यवस्था पानी व्यवस्था प्रसाद वितरण की व्यवस्था को लेकर पूरे समय तक भक्तजनों द्वारा अपनी सेवा मां को समर्पित करते हुए सेवा भाव से प्रसाद वितरण की व्यवस्था में लगे रहे जो श्रद्धालु जनों को प्रसाद हलवा खिचडा पूडी सब्जी लेने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा बताया जाता है कि प्रसाद ग्रहण करने के लिए पंडाल पर एक बार में लगभग 400 लोगों बैठने की व्यवस्था थी जो इसी तरह से देर रात तक भक्तजनों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया।घर के लिए भी प्रसाद दूर दूर से आए श्रद्धालु जन प्रसाद ग्रहण के उपरांत लोगों ने घरों के लिए भी प्रसाद की व्यवस्था समिति के द्वारा बनाई गई थी जो बड़ी संख्या में लोगों ने घरों के लिए भी प्रसाद ले जाने की व्यवस्था की गई थी जो श्रद्धालुजन अपने-अपने घर प्रसाद ले जाकर सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया और मां ज्वालामुखी मां का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद धन्य हुए।महेन्द्र ने जताया आभार समिति के महेंद्र सिंह पवार अपने सदस्यों व चैत्र नवरात्रि के 9 दिनों तक ज्वालामुखी मंदिर में समिति के अन्य सदस्य गणों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का ह्दय से आभारी हूं आगे भी ऐसे ही सहयोग जो तन मन से जुटे कार्यकताओ व सहयोगी जनों का आभार प्रगट करते हुए इसी तरह से आगे भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है। नवरात्रि वर्व का कवरेज करने वालो हमारे मीडिया राजू अग्रवाल, मो सफीक, लक्षमन सोनी का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किऐ।अनुकरणीय सहयोग नगरपालिका अधिकारी पूजा बुनकर द्वारा मंदिर में व्यवस्था को लेकर पूरा सहयोग दिया गया धार्मिक स्थल के आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था पानी व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था की गई । पुलिस प्रशासन व्यवस्था धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह जी , गजेंद्र सिंह व सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस दल बल तैनात किए गए हैं जो अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएं मां ज्वालामुखी मंदिर समिति उनके प्रति हमेशा आभारी रहेगी आगे भी ऐसी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है। मंच संचालनज्वालामुखी मंदिर में सुनील नामदेव के द्वारा सुबह से शाम तक पूरे कार्यक्रम का संचालन बखूबी किया समिति के द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया समिति के सदस्यों ने नवरात्रि पर्व पर सभी सहयोगिजनो प्रतिष्ठानोंजनो व्यापारियो, साउंड सर्विस श्रद्धालु जनों आभार प्रकट किया गया।



## केक काटकर भाजपा मंडल बकहो कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया

**अमलाई।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवगठित बकहो मंडल अंतर्गत मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र दुबे के नेतृत्व में ईएसआई चौक ओपीएम अमलाई में जैतपुर विधानसभा के विधायक जय सिंह मरावी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एवं आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता महेन्द्र जैन, कुलभूषण शुक्ला,अमृत कुमार दुबे, नगर परिषद उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह, लक्ष्मण प्रसाद गौतम, प्रदीप शर्मा, शिव शंकर गुप्ता,कमलेश विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, विजय मिश्रा, रजनीश मिश्रा,जसविंद सिंह,अभय राज तिवारी(गोल्डन),हरिनाथ साहू,पिंटू मिश्रा , अंबिकेश द्विवेदी,धनेश्वर केवट,राजू चौहान, कामता शर्मा,थानेश्वर केवट,सोनू केवट, रवि गिरी, पुरुषोत्तम गुप्ता, बृजेन्द्र द्विवेदी,ओमप्रकाश सोनी, दिलीप तोमर,महेश मुंदड़ा, ओमप्रकाश प्रजापति,अमर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पानी है तो जिंदगानी है: सुरभि ने शुरू किया प्याऊ

## समाज सेवा में अग्रणी संस्था ने बांटे गुड, चना और शर्बत

**धनपुरी।**

श्रद्धा महिला मण्डल के विशेष मार्गदर्शन मे सुरभि महिला समिति, सोहागपुर क्षेत्र, द्वारा तीन स्थलों राजेंद्रा मेन गेट के सामने व दामिनी मेंन गेट के सामने और सोहागपुर एरिया गेट पर पानी प्याऊं खोला गया है ‘पानी है तो जिंदगानी है’ के सूत्र वाक्य को सार्थक करते हुए राहगीरों के लिए राजेंद्रा, दामिनी माइंस से लगे आसपास के गांव एवं मेन रोड पर राजेंद्रा माइंस, दामिनी मुख्य गेट के सामने प्याऊ का शुभारंभ 6-और 7 अप्रैल 2025 को सुरभि महिला समिति , एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा के नेतृत्व में करते हुए उपस्थित राहगीरों कालरी अधिकारी कर्मचारियों को शरबत चना और गुड़ का वितरण किया गया। इस मौके पर मीडिया से जुड़े राजू अग्रवाल को भी अध्यक्षा श्रीमती अर्पणा श्री कृष्णा ने शरबत चना गुड़ दिए बंगवार दामिनी उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह,राजेंद्रा माइंस खान प्रबंधक पी बाला कृष्णा,दामिनी भूमिगत माइंस खान प्रबंधक



राजेश खंम्परिया, व अधिकारी मौके पर पहुंचे।मौसम अनुरूप सेवा हर सीजन में जरूरतमंदों को श्रद्धा महिला मंडल के मार्गदर्शन में सुरभि महिला मंडल समिति के द्वारा सेवा भाव ओतप्रोत ऊर्जावान मातृशक्तियो ने नज़दीक बसे ग्राम छिरहिटी में सर्दियों से बचाव के लिए ग़रीब ग्रामीणों के बीच 100 कंबल बाँटे, वहीं कंप्यूटर दिया टिफिन सेट 4 लोगों को वाकर दिए, प्राथमिक पाठशाला में बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए इसी तरह से पूरे साल सुरभि महिला मंडल सेवा भाव देखने को मिलता है।पूरी गर्मी रहेगी व्यवस्था श्रीमती कृष्णाइस अवसर पर श्रीमती अपर्णा कृष्णा ने कहा कि इस जगह पर शीतल पेयजल पूरी गर्मी भर उपलब्ध रहेगा खान प्रबंधक राजेश खबरिया, पी बाला कृष्णा दामिनी माइंस खान प्रबंधक को कहां की प्रतिदिन शीतल पेयजल की व्यवस्था बनाई जाए जिससे जरूरतमंदों को 24 घंटे ठंडा पानी मिलता रहे कालरी कर्मचारियों के साथ-सथ राहगीरों को भी प्याऊ का लाभ मिल सके ऐसी व्यवस्था बनाई गई है। हम इसी प्रकार से पूरे वर्ष भर अपने आसपास के असहाय लोगो की मदद में अपना योगदान और भी आगे बढ़कर समाज के हर कोने तक अवश्य पहुँचाने का भरपूर प्रयास करेंगे। श्रद्धा महिला मंडल हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है मानव सेवा करना परमधर्म है। इस अवसर पर गर्मी को देखते हुए शीतल जल प्रदान करने हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है जिससे बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को सरलता से मिले।यह रहे मौजूद उक्त कार्यक्रम में सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा के साथ महिला समिति की संगीता सिन्हा, संजू सिंह भवानी बालकृष्ण साधना तमर दिशा कमार पूनम खंपरिया,पुष्पा बिनियाला भारती वश्वकर्मा की उपस्थिति में।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कारवाई

**ब्यौहारी**

थाना क्षेत्र ब्यौहारी-के अंतर्गत ग्राम चरका में 02/04/25 को रात 8.30 बजे पंकज रावत के यहां से 58 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई उसकी मां उर्मिला रावत जो शासकीय शिक्षक है बाहर से लाकर काफी समय से अंग्रेजी शराब बेच रहा था इसके खिलाफ 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है आरोपी मौके से फरार हो गया था । इसके पहले भी पुलिस द्वारा 29 मार्च को मंटोला तिराहा के पास 56 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की गई थी और दो आरोपियों को गिरफतार भी किया था जिसमें रामदेव पिता रामलाल




पटेल जैन चक्की के पास एवं राम शिरोमणि पटेल पिता रामलोचन पटेल बिजहा बरहा टोला को गिरफ्तार किया गया जबकि मुख्य आरोपी राजकुमार पटेल पिता रामकेश पटेल अभी भी फरार है उसके खिलाफ कई मामले पंजीबद्ध हैं उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं पूछताछ में राम शिरोमणि पटेल ने बताया कि अवैध शराब मैं राजकुमार की लेने जाता था जब लेने जाता था उसे दिन मुझे 1000 देता था वह काफी समय से यह काम कर रहा है। उक्त कार्रवाई में नगर निरीक्षक अरुण पांडे एवं उप निरीक्षक गया कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, त्रिलोक सिंह एवं महिला आरक्षक सरिता सिंह की भूमिका सराहनीय रही ।

## रामनवमी के दिन मतहा महारानी में उमडी भक्तों भीड़



**ब्यौहारी**-नगर परिषद से सटे ग्राम पंचायत साखी में प्रसिद्ध काली माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड पडी श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया एवं मां को जवारे अर्पित किए शाम को मंदिर परिसर में भगत का आयोजन किया गया उल्लेखनीय है कि मतहा काली मंदिर में प्राचीन काल की कुछ मूर्तियां भी हैं जहां पुरातत्व विभाग के सर्वे की भी आवश्यकता है लोगों की मान्यता है कि काली माता के मंदिर से क ई भक्तों की सूनी गोद माता ने भरी है कई परिवारों की पूज्य कुलदेवी है। यहां पर प्रसिद्ध तालाब भी है जहां पर स्नान करने के बाद लोग माता रानी को जल अर्पित करते हैं।





# भगवान श्री राम का जन्मोत्सव रामेश्वरी धाम में धूमधाम से मनाया गया

### काली नुत्य, छप्पन भोग प्रसाद किया गया अर्पित

**बुढार।** चैत्र नवरात्र के नवमे दिवस मां रामेश्वरी धाम दुर्गा मंदिर कटकोनी में भव्यता के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान का जन्मोत्सव बाजें गाजे के साथ मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष भक्तों की उपस्थिति में श्री राम भगवान का घंटा घड़ियाल के साथ जन्मदिवस पुरी श्रद्धा एवं अस्था के साथ मानते हुए,मंदिर प्रगाढ़ में विराजमान मां रामेश्वरी माता जी को छप्पन भोग प्रसाद चढ़ा कर विधिः विधान पूर्वक राम नवमी पर्व मनाया गया। उसके उपरांत भंडारे प्रसाद ग्रहण करने हर समुदाय के लोग पहुंचकर ग्रहण किया।

**काली नुत्य** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिवस मां रामेश्वरी धाम मे शायःकाली नुत्य खप्पर लिए काली नुत्य जो आकर्षण का केंद्र रहीं।



### अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने किया जाएगा बोरी बंधान

# कलेक्टर की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न

**उमरिया।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में नवाचार के तहत अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से जिले में मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव को संरक्षित करने के उद्देश्य से बोरी बंधान कराया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने अपनी मिट्टी अपना जल पर आयोजित बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि यह कार्य पूर्णतः जन सहयोग के माध्यम से जीरो बजट पर आधारित होगा। इस कार्य में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, संगठनों, स्वयं सेवी संस्थानों, महिला स्व सहायता समूहो, सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि सभी उपयंत्री अभी से स्थल का चयन कर लें तथा बोरी बंधान में कितनी बोरियां लगनी है, उसका आंकलन भी कर लें। इसके साथ ही बोरी बंधान के समय किन सामग्री की जरूरत पडेगी, उसका भी आकलन कर लिया जाए। जल की एक-एक बूंद को सहेजने में अपनी मिट्टी अपना जल कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। जिले में प्रवाहित होने वाली छोटी, बड़ी जल संरचनाओ का सर्वेक्षण किया जाकर बोरी बंधान उपयुक्त स्थल का चयन विभिन्न तकनीकी अमले के माध्यम से कराया जाएगा । चयनित स्थल पर जनसहयोग के माध्यम से तकनीकी अधिकारियों के निर्देश में विभिन्न विभागों के लक्ष्य आवंटित कर कार्य कराया जाएगा । सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल कार्यक्रम के तहत करकेली विकासखंड में 86 जगहों पर , मानपुर विकासखंड में 137 जगहो पर तथा पाली विकासखंड में 18 स्थ लों को चिन्हांकित किया गया है । आपने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल कार्य के सुचारू संचालन, समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है । समिति द्वारा बोरी बंधान के लिए आवश्यक सामग्री एवं संसाधनो का आंकलन कर उपलब्ध कराया जाएगा । सामग्री को निर्धारित स्थल तक पहुंचाया जाएगा । विभिन्न विभागों को बोरी बंधान हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । जन भागीदारी हेतु सभी संगठनों, संस्थानों, विभागों के सहयोग हेतु समन्वय किया जाएगा । इसी तरह अपनी मिट्टी अपना जल हेतु तकनीकी समिति गठित की गई है। समिति व्दारा जिले के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर जिलें में उपलब्ध जल संरचनाओ का अवलोकन कर बोरी बंधान हेतु उपयुक्त स्थल का चयन किया जाएगा। स्थल चयन के उपरांत संपूर्ण रिपोर्ट स्थल के जियो टैग फोटोग्राफ सहित समन्वय मूल्यांकन एवं संसाधन समिति को उपलब्ध कराया जाएगा । स्थल पर ले आउट एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु अधीनस्थ उपयंत्री एवं अन्य तकनीकी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी । कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । समिति व्दारा सर्वेक्षण कर समस्त उपयुक्त स्थलों का चयन कर अपनी रिपोर्ट 15 अप्रैल तक आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा । इसके साथ ही दस्तावेजी करण, जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### बिजुरी के भवनिया तालाब तथा देवी तालाब की श्रमदान से की गई साफ सफाई



**अनूपपुर।** राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर हर्षल पंचोली व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक जन सहभागिता से श्रमदान गतिविधि के माध्यम से विभिन्न तालाबों, नदियों तथा जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार, साफ सफाई, गहरीकरण, मरम्मतीकरण तथा गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नं. 15 में भवनिया तालाब में तथा वार्ड नं. 10 में देवी तालाब में व उसके आसपास के परिसर की नागरिकों ने श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की।

### अपहृता नाबालिक को किया दस्तयाब, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कोतमा।** 16 नवम्बर 2024 को बदला नाम कामिनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक बच्ची को कोई बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध संख्या 457/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस कायम कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना 4- 5 माह से पता न चल पाने के कारण अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा दस हजार रूपये का इनाम उद्घोषणा भी की गयी थी। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ,एसडीओपी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृता को जिला सूरत गुजरात से दस्तयाब परिवारजन को सुपुर्द किया गया, मामले में धारा 87, 64(2)ड बी.एन.एस एवं 5(L)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी प्रकाश कुमार कुशवाहा पिता डेम चन्द्र कुशवाहा निवासी बहेराबांध थाना बिजुरी जिला अनूपपुर को सूरत गुजरात से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, प्र.आर. संजीव त्रिपाठी, महिला आर.पिंकी प्रजापति एवं स.उ.नि.शिवानन्द शुक्ला (रीडर), साइबर सेल प्र.आर. राजेन्द्र अहिरवार, पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### विद्यालय संचालन के समय परिवर्तन के साथ बिजली, पानी और ठंडी हवा की व्यवस्था हेतु सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक सरावगी द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करते हुए मांग की है कि आज अप्रैल माह के शुरुआती दिनों में ही पड़ रही चिलचिलाती धूप के कारण अत्यधिक गर्मी तथा हीट वेव से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को निर्धारित विद्यालयीन समय में तेज धूप तथा लू लगने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए स्कूली बच्चों को इस प्रकार की भीषण गर्मी से बचाने के लिए बहुत ही जरूरी है, जिससे कि बच्चों में शारीरिक थकान, मानसिक तनाव, एकाग्रता की कमी, नींद की कमी, भावनात्मक तथा शारीरिक समस्याओं के साथ ही उनके अंदर शिक्षा की गुणवत्ता में कमी ना आए। वही यह भी देखा गया है कि गर्मी के कारण अधिकांशतः विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है, साथ ही ऐसे कई विद्यालय है जहां पर बच्चों के लिए बिजली नहीं होने से ठंडी हवा तथा वाटर कूलर नहीं होने से ठंडे पानी की भी सुविधाएं भी नहीं है। यही कारण है कि उक्त समस्त समस्याओं के मद्देनजर भगवा पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक सरावगी द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली से मांग की गई है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का संचालन समय प्रातःकाल किया जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में ठंडी हवा के लिए बिजली और ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था भी की जाए।

## सभी विभागीय अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू रूप से करें क्रियान्वयन-कलेक्टर

# सभी अधिकारी अपने कार्य में गंभीरता एवं पारदर्शिता लाएं

**समग्र आईडी से ई-केवाईसी हेतु 13 अप्रैल से जिले में चलेगा अभियान**

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि अनूपपुर जिले में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत हो चुकी है। सभी अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।



**अनूपपुर।**

सभी विभागीय अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइल का आदान-प्रदान करें तथा कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करें, जिससे समय पर शासकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ लिपिकों को भी ई-ऑफिस प्रणाली को गंभीरता से सीखने एवं ई-ऑफिस प्रणाली में दक्षता लाने हेतु निर्देशित करें, ताकि जिले में सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संचालित किए जा सकें। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजलि द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अवकाश आवेदन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें तथा बिना अनुमति के मुख्यालय ना छोड़े। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी डिजिटल साइन रजिस्ट्रेशन (डीएससी) एवं ई-साइन प्रणाली में प्राथमिकता के आधार पर रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत दस्तावेजों में डिजिटल हस्ताक्षर किया जा सके। उन्होंने एनआईसी विभाग के अधिकारी को जिले के सभी विभाग प्रमुखों के डिजिटल साइन एवं ई-साइन प्रणाली में रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में आवश्यक सहयोग हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मिले, इस हेतु डॉक्टरों की व्यवस्थित ड्यूटी लगाई जाए तथा सार्थक एप पर डॉक्टर्स एवं चिकित्सकीय अमले की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जो भी जांच मशीन एवं अन्य उपकरण खराब हो गए हैं, उन्हें तत्काल सुधरवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही बेहतर जांच सुविधा मुहैया हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से कक्षा 9वी एवं कक्षा 11 वीं के घोषित परीक्षा परिणाम के संबंध में चर्चा की तथा निर्देशित किया कि जो बच्चे कक्षा 9वी एवं 11वीं में अनुत्तीर्ण हुए हैं, उनके लिए ग्राम स्तरीय दल गठित करें तथा डोर-टू-डोर सर्वे कर बच्चों एवं उनके परिजनों को पुनः उसी कक्षा में प्रवेश दिलाने हेतु समझाइश दी जाए तथा सभी बच्चों को प्रवेश दिलाते हुए उन बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु जिले के 256 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास अंतर्गत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित को बढ़ावा देने के लिए स्टेम लैब की स्थापना के लिए उपकरण मंगाए गए हैं। इस हेतु विद्यालयों में एक कमरा चयनित कर स्मार्ट क्लास बनाया जाए। उन स्मार्ट क्लासों में उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ताकि विद्यार्थियों को एक आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण वातावरण मिल सके और नवाचार के लिए प्रेरित किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समग्र पोर्टल से ई-केवाईसी हेतु जिले में 13 अप्रैल से अभियान चलाया जाएगा। जिसमें रोजगार सहायक, पटवारी एवं मोबिलाइजर द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कर ई-केवाईसी कार्य कराया जाएगा। उन्होंने ई-केवाईसी कार्य की निरंतर बैठकें आयोजित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यों में गंभीरता तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नल जल योजना, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## रेलवे मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेलवे कर्मचारियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का कार्य प्रारंभ

**अनूपपुर।**

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल स्थाई वार्ता तंत्र बैठक 29 फरवरी व 01 मार्च 2024 को मद क्रमांक 48 में मांग की गई थी की रेलवे कालोनी अनूपपुर में अमृत स्टेशन योजना के तहत व्यापक विकास के कार्य में तोड़े गए चिल्ड्रन पार्क एवं मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के कार्यालय के बगल में आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट जो की रेल महाप्रबंधक के द्वारा उद्घाटन किया गया था जिसे विकास हेतु तोड़ा गया था रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर ने मंडल पीएनएम बैठक में इसे नए जगह चिल्ड्रन पार्क एवं ओपन बैडमिंटन कोर्ट बनाने की मांग की थी, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की मांग पर बिलासपुर रेल प्रशासन के आदेश पर गति शक्ति विभाग के अधिकारी एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, शाखा सचिव अनूपपुर रामदास राठौर एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य अनूपपुर अरविंद कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य गति शक्ति विभाग आदित्य प्रसाद के द्वारा 29 सितंबर 2023 को संयुक्त सर्वे कर अनूपपुर स्तिथि मधु वाटिका के बगल में आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट बनाने का निर्णय हुआ था। 06 अप्रैल 2025 को रेल प्रशासन ने मधु वाटिका अनूपपुर के बगल में नया बैडमिंटन कोर्ट बनाने हेतु लोकेशन ले आउट कर कार्य शुभारंभ पर अनूपपुर सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य अरविंद कुमार एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस के मजदूर नेता लक्ष्मण राव, अनूपपुर शाखा के अध्यक्ष सिराज मंसूरी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, कोषाध्यक्ष सदाशिव पांडे, एसटीएससी एसोसिएशन अनूपपुर के पदाधिकारी घनाराम बंजारे आदी मौजूद रहे मजदूर कांग्रेस के विकास कार्यों की सराहना रेल कर्मचारियों ने की।

## अमरकंटक में बंजारा महासभा द्वारा समाज की विशाल आम सभा संपन्न

### बंजारा समाज ने कई महत्वपूर्ण मांगे सरकार के सामने रखी, निदान की मांग

**अमरकंटक ।**

चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि दशमी दिन सोमवार को पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर बंजारा महासभा अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर द्वारा नाका स्थित सामुदायिक भवन में आज बंजारा दिवस के पावन अवसर पर पारंपरिक ढंग से कार्यक्रम आयोजित कर समाज का कार्यक्रम गौरवपूर्ण ढंग से हर्ष उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। बंजारा दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत नर्मदा संत रेवा नायक महाराज एवं सेवालाल महाराज के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया गया। विश्व बंजारा समाज के विशाल आम सभा की अध्यक्षता समाज के युवा एवं जागरूक नेता ईश्वर सिंह नायक ने की ।




विशाल महासभा में विभिन्न वक्ताओं ने समाज के बारे में अपने-अपने विचार सुझाव रखें । इस अवसर पर एक पंक्ति का प्रस्ताव जो प्रमुख रूप से सामने आया उसमें बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने की मांग रखा उक्त प्रस्ताव पर सर्व सम्मत से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि समाज की मंशा से शासन को अवगत कराया जाए। आम सभा में लगभग सभी वक्ताओं ने कहा कि बंजारा समाज को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जातियों एवं समाज में दर्जा दिया गया है इससे समाज की एकरूपता नहीं हो पा रही। मध्य प्रदेश में बंजारा समाज को घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जाति की श्रेणी में दर्जा दिया गया है फलस्वरूप हमें इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता है जाति प्रमाण पत्र बनवाने जाने पर हमारे लड़के लड़कियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जाता इस कारण हमारे लड़का लड़की विद्यालयों में प्रवेश पाने से वंचित रह जाते हैं तथा शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। शासन प्रशासन हमारी इस दशा को समझता नहीं है यहां वहां घूमते रह जाते हैं सिवा परेशानी के कुछ नहीं मिलता । शासन में बैठे लोगों को अब समझना होगा की बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए ।

बंजारा समाज के नेता ईश्वर नायक ने कहा कि बंजारा समाज को पवित्र नगरी अमरकंटक में 10 एकड़ की भूमि दी जाए ताकि हमारा समाज उक्त भूमि पर पारंपरिक सामाजिक पेड़ पौधे लगा सके उनमें बेल गूलर आम हर्रा बहेड़ा आंवला नीम पीपल जैसे पेड़ लगा सके और अमरकंटक को हरा भरा कर सके हमारा समाज इसी का व्यापार करता रहा अमरकंटक का पर्यावरण शुद्ध रहे पवित्र रहे हमारा समाज धर्म की समाज की रक्षा करता रहा है हमारी कुलदेवी मां नर्मदा है नर्मदा के प्रथम भक्त संत रेवा नायक रहे हम उन्हीं के आदर्शों पर बताएं मार्ग पर चल रहे हैं । मां नर्मदा बंजारन देवी है । बंजारा समाज शुरू से वन उपज का व्यापार करता रहा है समाज सनातन धर्म का प्रवाहक है तथा हिंदू धर्म की रक्षा करता आया है बंजारा समाज के लोगों का योगदान स्वतंत्रता संग्राम में भी रहा है लाखा बंजारा कौन नहीं जानता उनके योगदान को सभी जानते हैं । उन्होंने आगे कहा कि बंजारा समाज में अनेकों निर्माण कार्य किए हैं वह आज ऐतिहासिक इमारत है बंजारा समाज को राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़े जाने हेतु सभी को एक कर अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए हमारा धर्म संस्कृति परंपरा सब मां नर्मदा जी से जुड़ी हुई है । पतित पावनी मां नर्मदा हमारे समाज की कुलदेवी है आराध्या है हमारे तन मन में मस्तिष्क में दिल में विराजती है उनका आशीर्वाद हमें मिला है । विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर सामुदायिक भवन नाका से नर्मदा मंदिर तक विशाल रैली बंजारा समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नाचते गाते जयकारा लगाते हुए मुख्य मार्गों से होकर निकले इसमें लगभग 1 हजार से भी अधिक पुरुष महिलाएं युवक युवती हाथों में पोस्टर बैनर लेकर चले इस दौरान सभी लोग संत रेवा नायक तथा संत सेवालाल जयकारा लगाते रहे । नर्मदा मंदिर में पूजन अर्चन कर महा आरती एवं सभी ने दीप प्रज्वलित किया । विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर मां नर्मदा जी को कल ही भोग का प्रसाद चढ़ाया गया तथा सभी दूरस्थ अंचलों से आए बंजारा समाज के महिला पुरुष युवक की युवक युवती को भोजन कराया गया।

विश्व बंजारा दिवस विशाल महासभा में अन्य लोगों के अलावा मनोज नायक, प्रताप नायक, जीवन नायक, जवाहर नायक, मोती नायक, जगदीश नायक, कमल नायक, बृजभान नायक, दयाराम नायक, ओमकार नायक, चिंतामणि ईश्वर नायक, अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण नायक, देवी सिंह नायक, राजू राम नायक, धना नायक, महिपाल नायक, राकेश नायक, दुर्गादास नायक, रसाल नायक, अशोक सिंह नायक, सुल्तान सिंह नायक, कृष्ण पाल सिंह नायक, मेघ सिंह नायक, श्रवण नायक, हरिनंदन नायक, झामा नायक आदि बंजारा नायक समाज के महिला पुरुष भारी संख्या में उपस्थित शामिल रहे।

# अदभुत है हमारी सनातन संस्कृति- मंत्री दिलीप जायसवाल

## श्री राम नवमी पर सीतामढ़ी में हुई सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

### श्रीराम पथ गमन मार्ग सीतामढ़ी में होंगे विकास के कार्य

**अनूपपुर।**

प्रभु श्री राम ने वनवास के दौरान माता जानकी के साथ जिन स्थानों पर भ्रमण किया, ऐसे स्थानों को राम पथ गमन मार्ग के अंतर्गत चिन्हित करने का कार्य भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है जिनमें जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र का सीतामढ़ी भी है। क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां की पुरातन संस्कृति को सहेजने तथा पर्यटन विकास की संभावना को दृष्टिगत रख विकास के कार्य होंगे। मध्य प्रदेश की सरकार के मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस हेतु कृत संकल्पित हैं। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने श्री रामनवमी पर्व के अवसर पर जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत खोड़री नंबर 01 के ग्राम कनवाही स्थित सीतामढ़ी में प्रभु श्री राम के प्रकाट्य पर्व के अवसर पर रविवार 6 अप्रैल को संध्या में जिला प्रशासन के सहयोग से संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या प्रकाटय पर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य, जनपद पंचायत अनूपपुर के प्रभारी सीईओ सुगंध प्रताप सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, जनपद सदस्य श्रीमती उर्मिला पाव, देवेंद्र जायसवाल, श्रीमती हमेनवती सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं, पुरुष, युवा, बच्चे उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम आदि- अनंत हैं। जब-जब अत्याचार, अनाचार, दुराचार बढ़ता है तब- तब प्रभु श्री राम का अवतरण पृथ्वी लोक में होता है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति अदभुत है। प्रभु श्री राम के प्रकाट्य के समय ही सृष्टि की संरचना हुई। सृष्टि के संरचना के साथ ही चारों वेदों की संरचना हुई है। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि प्रभु श्री राम के राम पथ गमन मार्ग के विकास के तहत सीतामढ़ी में सत्संग हॉल, यात्रियों के रुकने के लिए कक्ष तथा ऐतिहासिक सीतामढ़ी के बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा।

**23.50 लाख की लागत के ग्रेवल सड़क मार्ग का किया भूमि पूजन**

मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत जर्राटोला के ग्राम बोड़री चौक से जैताबहरा आदिवासी मोहल्ला तक ग्रेवल सडक निर्माण कार्य लंबाई 1400 मी लागत 23.50 लाख का भूमि पूजन किया।

### बुंदेली लोक गायन, नृत्य नाटिका, भक्ति गायन से मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

श्री रामनवमी के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के तहत मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सीतामढ़ी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बुंदेली लोक गायन गोविंद सिंह यादव एवं साथी गंजबसौदा, नृत्य नाटिका 'राम अर्पण' आकृति जैन एवं साथी भोपाल, भक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी टीकमगढ़ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया गया। कार्यक्रम की स्थानीय जनों ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन पवन छिब्बर द्वारा किया गया।

**नाम शुद्धिकरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मै हाफिज सैदुल हसन निवासी अनूपपुर वार्ड क्र.13 जो की मेरे कई दस्तावेज मे Hafij saidul hasan दर्ज था, जिसे सुधार करवा कर Hafiz saidul hasan करवा दिया गया है, जो अब नए दस्तावेज के नाम से मुझे जाना जाये।